>

Title: Need to provide a special package for revival of Rajkiya Buniyadi Vidyalaya Madhubani Kalashala in East Champaran, Bihar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): मेरे संसदीय क्षेत्र पूर्वी चंपारण जिला के चिरैया प्रखंड में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के मार्गदर्शन में उनके सहयोगी श्री पुरूषोत्तम मथुरा दास द्वारा सन् 1918 में राजकीय बुनियादी मध्य विद्यालय मधुबनी कला-सला नामक बहुत ही महत्वकांक्षी संस्था की स्थापना वृहत रूप में किया गया था। जिसमें बुनियादी शिक्षा के साथ-साथ लगभग 700 बुनकरों द्वारा रेशम की बुनाई, स्वेटर बुनाई, मधु उत्पादन, तेल उत्पादन, साबुन उत्पादन एवं सूती कटाई जैसे अनेकों कार्य होते थे । यहां के निर्मित उत्पादनों का निर्यात देश के विभिन्न हिस्सों एवं सरकारी संस्थानों में कया जाता था । विशेष कर यहां से निर्मित रेशम वस्त्र बहुत ही प्रसिद्ध एवं उच्च कोटि का होता था । इस संस्था से पूर्व में भारत के प्रथम माननीय राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद एवं भू-दान आंदोलन के जनक श्री विनोबा भावे जी भी जुड़े रहे हैं । परंतु, दुर्भाग्यवश पिछले कई वर्षों से यह महत्वाकांक्षी एवं बहुआयामी संस्था कच्चे माल एवं आर्थिक तंगी से जूझ रही है । इससे जुड़े लोग भुखमरी की स्थिति से गुजर रहे हैं । इसके भवन भी काफी जर्जर हो चुके हैं । यह संस्था ऐतिहासिक होने के साथ-साथ भारतीय प्राची संस्कृति का भी द्योतक है ।

अतः सरकार से अनुरोध है कि उक्त मधुबनी कला-सला संस्था को गांधी सर्किट से जोड़ते हुए जीर्णेद्धार हेतु विशेष पैकेज दिया जाये जिससे इस संस्था के उत्थान के साथ पर्यटन का केंद्र बन सके 1